प्रकाशन का 43 वां वर्ष

सरोकारी पत्रकारिता के लिए समर्पित

शैल

निष्पक्ष एवं निर्भीक साप्ताहिक समाचार

ई – पेपर

प्रदेश का पहला ऑनलाईन साप्ताहिक

www.facebook.com/shailshamachar

वर्ष 43 अंक – 6 पंजीकरण आरएनआई 26040/74 डाक पंजीकरण एच. पी./93/एस एम एल Valid upto 31-12-2020 सोमवार 29 – 05 फरवरी 2018 मूल्य पांच रूपए

लोकसेवा आयोग में यदि मीरा वालिया की नियुक्ति नियमों के विरूद्ध है तो रचना गुप्ता की सही कैसे?

शिमला/शैल। भाजपा ने विधानसभा चुनावों के दौरान जब ''हिमाचल मांगे हिसाब'' जारी किया था तो उसमें एक आरोप यह भी

उठाया गया था कि प्रदेश लोक सेवा आयोग में मीरा वालिया की नियुक्ति नियमों के विरूद्ध है। इस नियुक्ति को लेकर एक जनहित याचिका उच्च न्यायालय में उस समय आ चुकी थी। बल्कि इस याचिका में अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर भी सवाल उठाये गये हैं। याचिका में सवाल इसलिये उठाये गये हैं क्योंकि पंजाब लोक सेवा आयोग को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में पहुचे एक मामलें में 15 फरवरी 2013 को आये फैसले में स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि प्रदेशों में लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के आधार क्या होने चाहिये। सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्देश इसलिये जारी किये हैं कि लोक सेवा आयोग राज्यों की शीर्ष प्रशासनिक सेवाओं के लिये पात्र उम्मीदवारों का चयन करता है। इसलिये यह बहुत आवश्यक हो जाता है कि इन संस्थानों में लगने वाले अध्यक्ष/सदस्यों की नियुक्ति के आधार पूरी तरह स्पष्ट और परिभाषित हों। सर्वोच्च न्यायालय का यह 103 पृष्ठों का फैसला न्यायमूर्ति जस्टिस ए.के.पटनायक और जस्टिस मदन वी लोकुर की खण्डपीठ का है।

इस फैसलें में परिभाषित मानकों और प्रक्रिया के आईने में प्रदेश के वर्तमान लोक सेवा आयोग का चयन और गठन एकदम इस फैसलें में तय प्रक्रिया से एकदम भिन्न है। क्योंकि यह फैसला 15 फरवरी 2013 को आ गया था और आज आयोग में अध्यक्ष से लेकर सदस्यों तक सबकी नियुक्तियां इस फैसलें के बाद हुई हैं। स्मरणीय है कि पंजाब लोक सेवा आयोग में लगाये गये अध्यक्ष की नियुक्ति को पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी थी तब इस नियुक्ति को उच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया था। तब पंजाब सरकार इस फैसलें की अपील में सर्वोच्च न्यायालय गयी और इस पर 15 फरवरी 2013 को फैसला आ गया। भाजपा ने विधानसभा चुनावों के दौरान इसी फैसलें के आधार पर मीरा वालिया की नियुक्ति को नियमों के विरूद्ध करार दिया था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वभाविक है कि यदि मीरा वालिया की नियुक्ति नियमों के विरूद्ध थी तो फिर उसी गणित में डा. रचना गुप्ता की नियुक्ति सही कैसे हो सकती है। यही नहीं सरकार ने यह नियुक्ति करने के लिये पहले वाकायदा दो पद सदस्यों के सृजित किये और एक पर उसी दिन नियुक्ति भी कर दी। डा. रचना गुप्ता के पहले इसी आयोग में पत्रकार के. एस. तोमर अध्यक्ष रह चुके हैं। इसलिये पत्रकार तोमर की नियुक्ति हो या अब रचना गुप्ता की हो। इस पर व्यक्तिगत रूप से किसी को कोई आपत्ति नहीं हो सकती और इसी गणित में मीरा वालिया की नियुक्ति से भी आपत्ति का कोई प्रश्न नही हो सकता। यह सभी लोग अपने में योग्य हैं लेकिन इन नियुक्तियों पर सवाल तो भाजपा के हिसाब मांगने से लगे हैं। ऐसे में अब अपने ही लगाये आरोप को नज़रअन्दाज करके की गयी इस नियुक्ति पर तो भाजपा को ही हिसाब देना है।

सर्वोच्च न्यायालय का फैसला क्या रहा है इसकी जानकारी मुख्यमन्त्री को नही हो सकती यह स्वभाविक और संभव है। लेकिन इस फैसलें की जानकारी मुख्यमन्त्री कार्यालय और शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों को भी नही रही हो ऐसा नहीं माना जा सकता। बल्कि इस मामलें में तो प्रदेश उच्च न्यायालय में पहले से ही एक याचिका लंबित है और उसमें सरकार की ओर से जवाब भी दायर किया गया है। इसलिये यह स्वभाविक है कि जब दो पदों के सृजन का मामला मन्त्रीमण्डल के पास गया होगा तब उच्च न्यायालय में लंबित मामलें की जानकारी भी रिकार्ड पर लायी गयी होगी। ऐसे में यह एक और सवाल खड़ा हो जाता है कि क्या सरकार ने तथ्यों को नज़र अन्दाज करके पदों के सृजन और फिर नियुक्ति को हरी झण्डी दी या अधिकारियों ने सही स्थिति ही सामने नही रखी। जो भी स्थिति रही हो

लेकिन इस पूरे मामलें को जिस तरह से अंजाम दिया गया है उससे सरकार की अपनी ही स्थिति बुरी तरह हास्यस्पद बन गयी है।

अपने ही आरोप पत्र में उलझने लगी सरकार

शिमला/शैल। जयराम सरकार ने भी यह संकल्प दोहराया है कि वह भ्रष्टाचार कतई बर्दाशत नही करेगी लेकिन इसी के साथ यह भी कहा है कि पिछली सरकार द्वारा राजनीतिक कारणों से बनाये गये मामलों को वापिस भी लेगी। इन मामलों को लेकर पिछले दिनों सचिवालय मे मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सी.ओ.एस. की बैठक भी हो चुकी है और इसमें ऐसे मामलों को शीघ्र वापिस लेने पर बल भी दिया गया। लेकिन क्या विजिलैन्स में दर्ज मामलें और जो मामलें अदालत तक जा पंहुचे हैं उन्हे भी वापिस लिया जायेगा। इस पर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है क्योंकि पुलिस के पास दर्ज सामान्यतः कानून और व्यवस्था से जुड़े मामलों को राजनीतिक आधार करार देकर वापिस लिया जा सकता है लेकिन क्या भ्रष्टाचार को लेकर विजिलैन्स में दर्ज मामलों को भी वापिस लिया जा सकता है। इसको लेकर स्थिति उलझी हुई है।

इस समय विजिलैन्स के पास एचपीसीए और राजीव बिन्दल के मामलें हैं और यह मामलें अदालत में भी पंहुच चुके हैं। बिन्दल के मामलें में तो गवाहीयां चल रही हैं। उसके बाद बहस और फिर फैसलों की नौबत आ जायेगी। इस मामलें में पिछली बार धूमल सरकार के वक्त में विधानसभा अध्यक्ष से अभियोजन की अनुमति इन्कार करवा कर मामलें को खत्म करने का प्रयास किया गया था जो आगे सफल नहीं हो पाया। लेकिन एच.पी.सी.ए. मामलें में दो अधिकारियों पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव दीपक सनान और सचिव अजय शर्मा ने सरकार से यह मामलें वापिस लिये जाने का आग्रह किया हुआ है। सरकार इन आग्रहों पर विचार कर रही हैं लेकिन दोनों के मामलें में सरकार की ओर से अभियोजन की अनुमति जारी हो चुकी है। कानून के जानकारों के मुताबिक अभियोजन की अनुमति जारी हो जाने के बाद उसे वापिस लेने का कोई प्रावधान नही है। बल्कि ऐसे आग्रह पर सरकार द्वारा विचार किये जाने को भी मामलें को प्रभावित किये जाने का प्रयास करार दिया जाता है क्योंकि अदालत में मामला पंहुचने के बाद पी पी ही कानून की राय में उसका मास्टर होता है। इस परिदृश्य में सरकार इन मामलों को कैसे वापिस लेती है इस पर सबकी निगाहें लगी हुई है।

दूसरी ओर भाजपा का आरोप पत्र राजभवन में लंबित पड़ा है। इस आरोप पत्र पर भाजपा ने सीबीआई जांच की मांग कर रखी है। इस आरोप पत्र में भाजपा ने स्मार्ट सिटी धर्मशाला को लेकर एक गंभीर आरोप लगा रखा है। भाजपा का आरोप है कि वीरभद्र सरकार ने धर्मशाला को स्मार्ट सिटी का दर्जा दिलाने के लिये केन्द्र सरकार के पास तोड़-मरोड़ कर बल्कि अलग से गढ़कर तथ्य पेश किये हैं। जिसके आधार पर स्मार्ट सिटी का दर्जा मिला है। यही नहीं नगर निगम धर्मशाला में जो अंडर ग्राऊड डस्टबिन लगाये गये है। उसमें भी बड़े स्तर पर घपला हुआ है। भाजपा ने धर्मशाला स्मार्ट सिटी और नगर निगम प्रकरण को लेकर जो आरोप लगाये हैं उनकी सी.बी.आई. जांच की मांग कर रखी है। धर्मशाला के विधायक एवम् सिविल सप्लाई मन्त्री किश्न कूपर के लिये यह जांच करवाया जाना प्रतिष्ठा का प्रश्न है।

सूत्रों के मुताबिक अब राजभवन से आर.टी.आई. के तहत इस संद्धर्भ में हुई कारवाई की जानकरी मांगी गयी है। दूसरी ओर यह भी चर्चा चल उठी है कि धर्मशाला स्मार्ट सिटी या नगर निगम को लेकर वीरभद्र शासन में जो भी फैसले लिये गये हैं उनमें बतौर अतिरिक्त मुख्य सचिव यू.डी. जिस अधिकारी की मुख्य भूमिका रही है वही अधिकारी इस सरकार में भी एक प्रमुख भूमिका में बैठा हुआ है। वैसे यह माना जा रहा है कि भाजपा का यह आरोप भी वैसा ही है जैसा कि लोक सेवा आयोग को लेकर रहा है लेकिन यह आरोप भी अब सरकार पर अपने ही आरोप पत्र के कारण भारी पड़ने जा रहा है।

हिमाचल में आयोजित किया जाएगा मेगा रेसलिंग शो: मुख्यमंत्री

शिमला/शैल। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर से धर्मशाला में विश्व कुश्ती मनोरंजन (डब्ल्यू डब्ल्यू ई) के विश्व विख्यात हेवीवेट पेशेवर कुश्ती चेम्पियन 'द ग्रेट खली' के नाम से मशहूर दलीप सिंह राणा ने भेंट की और निकट भविष्य में हिमाचल प्रदेश में हेवीवेट रेसलिंग चेम्पियनशिप आयोजित करने की योजना के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले भी पिछली सरकार को इस बारे अपना प्रस्ताव भेजा था, लेकिन इस पर कोई गौर नहीं किया गया।

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के धीरैना गांव से सम्बन्ध रखने वाले दलीप सिंह पेशेवर कुश्ती प्रतियोगिता में अण्डरटेकर को परास्त कर मशहूर हुए।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में रेसलिंग चेम्पियनशिप के आयोजन से न केवल राज्य का नाम रोशन होगा, बल्कि इस प्रतियोगिता से एकत्र धन का अधिकतम हिस्सा मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश में मेगा कुश्ती प्रदर्शन, जहां प्रसिद्ध रेसलर भाग लेंगे, के प्रस्ताव को अपनी मंज़ूरी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खेलों को प्रोत्साहित करने की इच्छुक है, लेकिन यह चिन्ताजनक है कि पिछली कांग्रेस सरकार ने खेलों को गम्भीरता से नहीं लिया और न ही इस प्रकार के प्रस्तावों पर कोई कदम उठाए।

मुख्यमंत्री ने खेल मंत्री गोविन्द ठाकुर को राज्य में रेसलिंग चेम्पियनशिप के आयोजन करने के लिए आगे बढ़ने को कहा। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

वन मंत्री ने लिया वायरल वीडियो पर कड़ा संज्ञान

शिमला/शैल। वन मंत्री गोविन्द सिंह ठाकुर ने हाल ही में वायरल हुए वीडियो पर कड़ा संज्ञान लिया है। जिसमें रामपुर के निकट दो नेपाली मजदूरों की वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा बेरहमी से पिटाई करते हुए दिखाया गया था। वन मंत्री ने कहा कि इस तरह की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश सरकार सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, सरकारी कर्मचारियों को कानून को अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने इस घटना की अरण्यपाल के माध्यम से जांच के भी आदेश दिए तथा मामले में संलिप्त कर्मचारियों को तत्काल बदलने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक से भी बात हुई है तथा उन्हें नेपाली मजदूरों के बयान लेकर मामला दर्ज करने को भी कहा गया है। उन्होंने कहा कि खनन के नाम पर गरीब मजदूरों की पिटाई का यह मामला दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विभाग को ऐसे मामलों से निपटने के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो। उन्होंने वन विभाग को इसमे संलिप्त कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाही करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अरण्यपाल द्वारा जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी संलिप्त बताया जाता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

प्रदेश में सभी क्षेत्रों का समान विकास होगा सुनिश्चित:मुख्यमंत्री

शिमला/शैल। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने जिला कांगड़ा के शाहपुर में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रदेश में हिमाचली टोपी के रंगो में भेदभाव करती रही है, लेकिन वह रंगों की परवाह किए बिना हिमाचली टोपी पहनते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के शासन में ऊपरी व निचले हिमाचल के बीच किसी भी तरह का भेदभाव नहीं किया जाएगा, क्योंकि उनके लिए हिमाचल एक है।

उन्होंने कहा कि यह भगवान की कृपा है कि वे राजनीति में आए, क्योंकि उनसे पहले उनके परिवार से कोई राजनीति में नही था और उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी उनके परिवार से कोई राजनीति में नहीं आयेंगे। लोगों ने उन्हें एक नेता के रूप में चुना है तथा वह विश्वास दिलाते हैं कि वह प्रदेश के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार थके, हारे तथा सेवा विस्तार पर काम कर लोगों के हाथों में थी तथा वर्तमान सरकार ने प्रथम निर्णय इन लोगों को घर भेजने का लिया। हालांकि पटवारी तथा कानूनगो की सेवाओं के कार्य की आवश्यकता को देखते हुए जारी रखने का निर्णय लिया गया, जब तक कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे राजस्व अधिकारियों का नया बैच नियुक्त नहीं किया जाता।

ठाकुर ने पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के उस ब्यान, जिसमें उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा कांग्रेस शासन के दौरान घोषित किए गए किसी कॉलेज को बन्द करवाने के प्रयास पर कोर्ट जाने की बात कही है, के सम्बन्ध में कहा कि शायद पूर्व मुख्यमंत्री भूल रहे हैं कि वे अभी भी प्रतिदिन कोर्ट के चक्कर काट रहे हैं।

इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने 8.09 करोड़ रुपये की लागत से शाहपुर में बनने वाले मिनी सचिवालय का शिलान्यास किया। इस कार्य के लिए 2 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई तथा इसके निर्माण को पूरा करने के लिए 6 करोड़ रुपये की राशि की घोषणा भी की गई।

उन्होंने शाहपुर में उप-कोष कार्यालय की आधारशिला भी रखी।

मुख्यमंत्री ने शाहपुर क्षेत्र की तीन पंचायतों के लिए कलियाड़ा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की घोषणा की। उन्होंने नागरिक अस्पताल शाहपुर के भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये की राशि की घोषणा की। उन्होंने मिनी सचिवालय के भवन का निर्माण पूरा करने के लिए 6 करोड़ रुपये की राशि की घोषणा की। उन्होंने शाहपुर के बस अड्डे के निर्माण कि लिए 50 लाख रुपये की देने की घोषणा की।

शहरी विकास मंत्री सरवीन चौधरी ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री तथा उपस्थित अन्य गणमान्यों का स्वागत किया। उन्होंने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए अपने दृष्टिपत्र-2017 को पढ़ा तथा अपनी प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शाहपुर में मिनी सचिवालय तथा उप-कोष कार्यालय के शिलान्यास के लिए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में बिना बजट के कार्य नहीं किए जाते। यह कांग्रेस सरकार थी, जिसके शासन में बिना बजट के अनेक शिलान्यास किए गए। कांग्रेस ने नागरिक अस्पताल के दर्जे को कम किया तथा क्षेत्र को पूरी तरह से दरकिनार किया।

सरवीण चौधरी ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए हिमुड़ा की तरफ से 11 लाख रुपये का चेक मुख्यमंत्री को भेंट किया। इसके अतिरिक्त, गज एवं खोली हाईडल परियोजना ने 51000, मैकलो होटल संघ मैकलोड़गंज ने 51000, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग ठेकेदार यूनियन शाहपुर ने 31000, व्यापार मण्डल शाहपुर व जितेन्द्र सोढ़ी ने 21000-21000 रुपये के चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए भेंट किए।

किसानों के लिए ग्रीनहाउस टेक्नोलॉजी में कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

शिमला/शैल। डॉ वाईएस परमार औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में ''ग्रीनहाउस ऑपरेटर की भूमिका'' पर किसानों के लिए एक महीने का कौशल विकास कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान और जल प्रबंधन विभाग के प्रीसीजन फार्मिंग सेंटर, इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ आरएस स्पेहिया, ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए राज्य के 30-40 किसानों को हिमाचल प्रदेश बागवानी विभाग द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है। किसानों को निर्माण और मरम्मत, फलों और सब्जियों की नर्सरी उत्पादन और फसल उत्पादन तकनीक वाले ग्रीन हाऊस कार्यो के सभी पहलुओं में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अलावा, कार्यक्रम के दौरान रोग और कीट प्रबंधन, संरक्षित स्थितियों में सूक्ष्म सिंचाई प्रबंधन, जैविक खाद और जैव- उर्वरकों के साथ मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखने के बारे में भी बताया जाएगा। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के वैज्ञानिक भी ग्रीनहाउस प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। किसानों को उत्कृष्टता केंद्र, करनाल और चायल की एक एक्सपोजर यात्रा और ग्रीन हाऊस प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाना भी इस कार्यक्रम का हिस्सा होगा। मृदा विज्ञान और जल प्रबंधन विभाग के प्रमुख डॉ. जे. सी. शर्मा ने कहा कि यह राज्य में पहली बार है कि किसी भी सरकारी विभाग ने भारत के कृषि कौशल परिषद के साथ संबंधित विषय पर 200 घंटे के कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

कार्यक्रम के अंतिम दौर में, प्रतिभागियों का स्वतंत्र परीक्षणकर्ताओं द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा और सफल उम्मीदवारों को एएससीआई द्वारा एक प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। ग्रीनहाउस ऑपरेटर की नौकरी के लिए यह प्रमाण पत्र पूरे भारत में मान्य होगा।

मुख्यमंत्री ने नगरोटा-बगवां में किया एकीकृत विद्युत विकास योजना का लोकार्पण

शिमला/शैल। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने नगरोटा-बगवां में केन्द्र पोषित एकीकृत विद्युत विकास योजना का लोकार्पण किया। इस योजना से नगरोटा शहर तथा इसके आसपास के क्षेत्रों के लोगों को 24 घण्टे निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध होगी।

ठाकुर ने कहा कि 110 करोड़ रुपये की लागत की केन्द्र पोषित यह योजना प्रदेश के 54 शहरों को विद्युत आपूर्ति प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना का 90 प्रतिशत व्यय केन्द्र सरकार तथा 10 प्रतिशत व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया है। इसमें विद्युत वितरण प्रणाली का सुदृढ़ीकरण, नए ट्रांसफार्मर लगाना, प्रदेश में 33 के.वी. व 22 के.वी. विद्युत उप-केन्द्रों का स्तरोन्नयन करना तथा ट्रांसमिशन नुकसान से बचाव के लिए विद्युत लाईनों की देखभाल करना शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अन्तर्गत कांगड़ा जिले में कांगड़ा, नगरोटा-बगवां, योल, देहरा, पालमपुर तथा धर्मशाला शहरों को चयनित किया गया है। इस योजना से मूलभूत अधोसंरचना तथा विद्युत आपूर्ति व सब-स्टेशनों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इन शहरों के लिए 14.27 करोड़ रुपये की कुल राशि दी गई है, जिसमें नगरोटा-बगवां शहर में विद्युत प्रणाली के स्तरोन्नयन व सुधार के लिए 3.42 करोड़ रुपये भी शामिल है।

CII ने संतुलित और विकास उन्मुख बजट के लिए की सरकार की सराहना

शिमला/शैल। हिमाचल प्रदेश स्टेट काउंसिल के चेयरमैन तथा फोनिक्स उद्योग लिमिटेड के निदेशक राजेश साबू ने बजट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मेक इन इंडिया अभियान के लिए बेहद अहम कदम उठाते हुए वित्तमंत्री ने एमएसएमई क्षेत्र को 3794 करोड़ रुपये पूंजी सहायता और ब्याज सब्सिडी के रूप में आवंटित करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही मुद्रा योजना के तहत 3 लाख करोड़ रुपये की स्वीकृति स्वरोजगर सजृत और स्वरोजगार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने सरकार के व्यावहारिक दृष्टिकोण की भी सराहना की जिसमें कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई उपाय किए गए हैं जो कि 2020 तक किसानों की आय को दोगुनी करने के सरकार के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में अहम कदम साबित होंगे।

राजकोषीय घाटे को 3.5 प्रतिशत रखने के वित्त मंत्री के प्रयासों की सीआईआई हिमाचल प्रदेश स्टेट काउंसिल के उपाध्यक्ष तथा वर्धमान टैक्सटाईल्स के अध्यक्ष तथा निदेशक आईएमजेएस सिद्धू ने कहा कि टेक्सटाइल सेक्टर के लिए 7148 करोड़ रुपये जारी करना इस उद्योग को बढ़ावा देगा जो श्रमिक आधारित उद्योग है और विशाल आबादी के लिए रोजगार अवसर प्रदान करता है। सिद्धू ने फ्लैगशिप नेशनल हेल्थकेयर प्रोटेक्शन स्कीम की भी सराहना की जो 50 करोड़ की आबादी को लाभ देगा और जिसमें अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में परिवार द्वारा 5 लाख रुपये तक लाभ लिया जा सकेगा।

शैल समाचार
संपादक मण्डल
संपादक - बलदेव शर्मा
सयुक्त संपादक - जे.पी.भारद्वाज
विधि सलाहकार - ऋचा
अन्य सहयोगी
भारती शर्मा
रजनीश शर्मा
राजेश ठाकुर
सुदर्शन अवस्थी
सुरेन्द्र ठाकुर
रीना
सीता

हिमाचल प्रदेश शहरी एवं नगर नियोजन नियम–2018 में संशोधन करने का निर्णय

शिमला/शैल। कांगड़ा जिले के धर्मशाला में आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में ऐसे अनाधिकृत भवन मालिकों को राहत प्रदान करते हुए हिमाचल प्रदेश शहरी एवं नगर नियोजन नियम-2018 में संशोधन करने का निर्णय लिया जो ऐसे अनाधिकृत भवनों को अथवा उनके भागों को सील करने की अनुमति देता था। अब अधिनियम में संशोधन के तहत दोषियों को सुनवाई का मौका प्रदान करने के उपरान्त ही सील करने की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इस निर्णय से होटल मालिकों को राहत मिलेगी और नियम के तहत उनकी आपत्तियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने बैठक की अध्यक्षता की।

मंत्रिमण्डल ने मुख्यमंत्री द्वारा कुल्लू जिले के आनी में गत 25 जनवरी को की गई घोषणा के अनुरूप नियमित सरकारी कर्मचारियों/पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों के लिये मूल वेतन पर 1 जनवरी, 2016 से 8 प्रतिशत की दर से अंतरिम राहत प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की। इस निर्णय से कर्मचारियों तथा पेंशनधारकों को 700 करोड़ रुपये का लाभ होगा।

मंत्रिमण्डल ने अनुबन्ध आधार पर कार्यरत महिला कर्मचारियों के लिये मातृत्व अवकाश को मौजूदा 135 दिनों से बढ़ाकर 180 दिन करने का निर्णय लिया और इस निर्णय से अब उनका मातृत्व अवकाश नियमित महिला कर्मचारियों के बराबर हो गया है।

मंत्रिमण्डल ने सामान्य तबादलों पर तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया।

मंत्रिमण्डल ने बैठक में हिमाचल प्रदेश राज्य सड़क परियोजना चरण-2 के लिए प्रस्तावित विश्व बैंक सहायता के अंतर्गत 2000 किलामीटर की लम्बी सड़कों का विस्तृत व्यवहारिक अध्ययन करवाने के लिए डिजाइन कंसलटेंट की सेवाएं लेने के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट आमंत्रित करने का निर्णय लिया।

बैठक में राज्य सड़क नेटवर्क की 1350 किलोमीटर लम्बी सड़कों की समय-समय पर सुरम्मत के अतिरिक्त 650 किलोमीटर राज्य सड़कों के लिये सामाजिक-पर्यावरणीय तथा सड़क सुरक्षा उपायों सहित विस्तृत इंजीनियरिंग डिजाइनज के लिये मंजूरी प्रदान की।

मंत्रिमण्डल ने करूणामूलक आधार पर, खिलाड़ियों के लिए तीन प्रतिशत कोटे के तहत, विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों में से, सम्बन्धित भर्ती नियमों में विशेष प्रक्रिया के अनुसार बैचवाईज आधार पर तथा पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित पदों पर भर्ती प्रक्रिया को हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग तथा हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग के क्षेत्राधिकार से बाहर करने का निर्णय लिया। अन्य सभी मामलों में सम्बन्धित विभाग सभी पहलूओं पर जांच करने के उपरान्त स्वीकृती के लिए मुख्यमंत्री को प्रस्तुत करेंगे।

मंत्रिमण्डल ने 1 अप्रैल, 2018 से आईएमएफएल, बीयर, वाईन तथा साईडर के थोक वितरण के लिए एल-1 तथा परचून विक्रताओं को देसी शराब के थोक वितरण के लिये एल-13 की बहाली की मंजूरी प्रदान की।

बैठक में 5 फरवरी, 2018 से थोक बिक्री लाईसेंस एल-1 तथा एल-13 प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया ताकि औपचारिकताएं पूरी की जा सकें और शराब वितरण नेटवर्क पहली अप्रैल, 2018 से पहले क्रियाशील हो सके। मूल लाइसेंस फीस को वर्ष 2018-19 के लिए प्रस्तावित परचून आबकारी डियूटी में समाहित करने का भी निर्णय लिया गया।

मंत्रिमण्डल ने निर्णय लिया गया कि हि.प्र. विधानसभा का बजट सत्र 6 मार्च से 5 अप्रैल, 2018 तक आयोजित किया जाएगा तथा 17 से 25 मार्च के बीच अवकाश रहेगा।

मंत्रिमण्डल ने बीमार मध्यम, लघु तथा माइक्रो उद्यम इकाईयां-2017 को पुनः स्थापित करने के लिए मौजूदा हि.प्र.योजना को निरस्त कर दिया और सभी हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के उपरान्त बीमार मध्यम, लघु तथा माइक्रो उद्यम इकाईयां हि.प्र. योजना-2018 तैयार करने का निर्णय लिया।

डा.वाई.एस.परमार वानिकी एवं बागवानी विश्वविद्यालय नौणी (सोलन) में अनुबंध आधार पर सहायक प्रोफैसर/समकक्ष के 14 रिक्त पदों को भरने का भी निर्णय लिया गया।

मंत्रिमण्डल ने सहकारिता विभाग में पंजीयक सहकारी सभाएं का एक रिक्त पद भरने का निर्णय लिया।

मंत्रिमण्डल ने मण्डी जिला के धुनाग में नया सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल खोलने तथा धर्मपुर के भराड़ी में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल तथा मण्डी जिला के टीहरा और मण्डप में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य उप-मण्डल के सृजन को अपनी स्वीकृति प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने की ज्वाली में राज्य स्तरीय विश्व वैटलैंड दिवस की अध्यक्षता

शिमला/शैल। हिमाचल प्रदेश में विभिन्न पारिस्थितिक क्षेत्रों में फैले वैटलैंड की व्यापक किस्में पाई जाती है, जो कि जैव विविधता की धरोहर के साथ-साथ स्थानीय समुदाय के लिए आजीविका का स्त्रोत भी है। कलात्मकता तथा पर्यटन की दृष्टि से भी इनका व्यापक महत्व है। यह बात मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने जिला कांगड़ा के ज्वाली में राज्य स्तरीय वैटलैंड दिवस की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने लोगों से वैटलैंड के संरक्षण तथा पुनः बहाली में सक्रिय सहभागिता व सहायता देने के लिए आग्रह किया, क्योंकि इससे बाढ़ में कमी, पेयजल आपूर्ति, कूड़े के उचित प्रबन्धान तथा हरियाली वाले स्थलों व शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध करवाने में सहायता मिलेगी। वैटलैंड आजीविका का एक स्त्रोत भी है। शहरी वैटलैंड को शहर की दीर्घकालिक भावी योजना व विकास में एकीकृत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को भी सूचना, शिक्षा तथा संचार कार्यक्रमों के माध्यमों से कचरे के प्रबन्धन के बारे में भी संवदेनशील बनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वैटलैंड का संरक्षण तथा बहाली मुख्य उद्देश्य होना चाहिए तथा योजना, कार्यान्वयन तथा अनुश्रवण स्तर पर इसमें स्थानीय लोगों को शामिल किया जाना चाहिए।

विश्व वैटलैंड दिवस 2018 का अन्तर्राष्ट्रीय विषय 'दीर्घकालिक शहरी भविष्य के लिए वैटलैंड आवश्यक' (वैटलैण्डज फोर अ ससटेनेबल अर्बन फ्यूचर) निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में वैटलैंड के तीन स्थल है, जिनमें कांगड़ा में पौंग बांध का रामसर वैटलैंड स्थल, सिरमौर में रेणुका तथा लाहौल-स्पीति में चंद्रताल शामिल है। भारत में कुल 26 वैटलैंड स्थल है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन केन्द्र मंत्रालय ने जिला मण्डी के रिवालसर तथा जिला चम्बा के खजियार को भी को भी संरक्षण तथा प्रबन्धन के लिए इस सूची में शामिल किया है।

उन्होंने कहा कि पौंग डैम की रामसर वैटलैंड प्रसिद्ध पक्षी अभयारण्य बन चुका है, जिसमें साईबेरिया, मध्य एशिया, रूस तथा तिब्बत के ट्रांस हिमालयन क्षेत्र से बहुतायत में प्रवासी पक्षी आते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन की आपार सम्भावनाएं हैं तथा राज्य के जैव विविधता, वनस्पति व जीवजन्तु के संरक्षण तथा प्रोत्साहन से न केवल पर्यटको को आकर्षित किया जा सकता है, बल्कि वनों में रहने वाले जीवजन्तु, तथा पक्षियों भी आकर्षित होंगे।

हिमाचल प्रवासी पक्षियों के लिए गृह स्थान रहा है, जिसका प्रमाण मुरगाबी (जल पक्षी) की प्रजातियों की संख्या में बढ़ोतरी होना है।

मुख्यमंत्री ने 'भेजर वैटलैंडज ऑफ हिमाचल प्रदेश' नामक पुस्तिका तथा पौंग वैटलैंड के कलेण्डर का विमोचन भी किया। उन्होंने वैटलैण्ड पर चित्र बनाने के लिए बच्चों को भी बधाई दी।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2017-18 में 1.27 लाख के मुकाबले इस वर्ष पौंग डैम वैटलैंड केवल 1.10 लाख पक्षी आए, जिसका कारण वैश्विक उष्मीकरण के चलते जलवायु परिवर्तन है तथा इसका असर भारत के सभी वैटलैंड पर पड़ा है। हालांकि वर्ष 2017-18 में पक्षियों की 93 प्रजातियों के मुकाबले वर्ष 2018 में बढ़कर 117 प्रजातियां आई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी पक्षियों के व्यवहारिक परिर्वतनों के अध्ययन करने की आवश्यकता है तथा उनके आश्रय स्थलों में सुधार करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए।

हिमाचल प्रदेश राज्य वैटलैंड प्राधिकरण हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रोद्यौगिकी एवं पर्यावरण परिषद के तत्वावधान में सभी हितधारक विभागों की सक्रिय सहभागिता से प्रदेश में वैटलैंड संरक्षण कार्यक्रम के समन्वय के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य कर रही है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव मनीषा नन्दा ने इस अवसर पर रामसे स्थलों तथा इनकी महत्वता के बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होने वैटलैंड, जंगली जीवजन्तु के आश्रय स्थलों, जलीय प्रजाजियां तथा जल निकायों के संरक्षण के लिए लोगों का आहवान किया।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी मंत्री विपिन सिंह परमार, उद्योग मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर, विधायक रवीन्द्र धीमान, अर्जुन सिंह, रीता धीमान, सदस्य सचिव विज्ञान तथा प्रोद्यौगिकी कुनाल सत्यार्थी, प्रधान मुख्य संरक्षक संजीव पाण्डे तथा आर.सी. कंग भी इस अवसर पर अन्य गणमान्यों के साथ उपस्थित थे।

बजट को नए भारत की नींव तथा प्रगतिशील करार दिया

शिमला/शैल। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने नई दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री अरूण जेटली द्वारा प्रस्तुत केन्द्र बजट 2018-19 की सराहना की है। उन्होंने बजट को पूर्णरूप से निर्धन, किसानों तथा समाज के सर्वाधिक कमजोर वर्गों के लिए समर्पित करार दिया। उन्होने कहा कि बजट 'नए भारत' की ठोस नींव रखने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि बजट किसान मित्र, आम नागरिक मित्र, निवेशक मित्र व विकासोन्मुखी है, जो सुगमता से जीने में कारगर सिद्ध होगा।

जय राम ठाकुर ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि बजट करोड़ों भारतीयों की आकांक्षाओं व उम्मीदों पर खरा उतरता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लाभार्थी परिवार को पांच लाख रुपये का बीमा प्रदान करने वाली 'आयुषमान भारत योजना' 10 करोड़ से भी ज्यादा निर्धन परिवारों को बीमा प्रदान करेगा, जिससे लगभग 50 करोड़ लोगों को लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना सुनिश्चित करेगी कि निर्धन उत्कृष्ट स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं से वंचित न हों। उन्होने कहा कि देश में 1.50 लाख आरोग्य केन्द्र खोले जाएंगे, जो कि लोगों को घर के समीप बेहतर स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा क्षय रोगियों के लिए 500 रुपये प्रति माह की सहायता प्रदान करने की घोषणा का भी स्वागत किया।

जय राम ठाकुर ने कहा कि उज्जवला योजना के तहत ग्रामीण निर्धन महिलाओं को आठ करोड़ निःशुल्क एलपीजी कुनेक्शन प्रदान करने के निर्णय से ग्रामीण निर्धनों को आवश्यक राहत प्रदान करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि बजट में वर्ष 2022 तक सभी भारतीयों को घर प्रदान करने के लक्ष्य को सुलझाना एक सराहनीय कदम है। उन्होंने अगले वर्ष तक प्रदेश में दो करोड़ शौचालय निर्मित करने के निर्णय का भी स्वागत किया है। इस निर्णय से 'स्वच्छ भारत' का लक्ष्य हासिल करने में सहायता मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दोगुनी करने के सरकार के वायदे को दोहराने को भी सराहा है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र के लिए विभिन्न अतिरिक्त आबंटन तथा राशि की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि, जैविक खेती को समर्थन, खाद्य संसाधन तथा कृषि सम्बन्धी आयात में उदारीकरण के लिए 1400 करोड़ रुपये की घोषणा निसन्देह सराहनीय कदम है। मत्स्य पालन, पशु पालन तथा सम्बन्धित अधोसंरचना के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त पशु पालकों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा से यह साबित होता है कि बजट वास्विक रूप से रोटी-कपड़ा-मकान तथा किसान का बजट है। ठाकुर ने एक लाख पंचायतों को इन्टरनेट सुविधाएं प्रदान करने के निर्णय की भी सराहना की तथा कहा कि इससे डिजिटल इण्डिया के प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में इन्टरनेट की सुलभ सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए पांच लाख वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में न केवल रोजगार के अवसर खुलेगे बल्कि 'वैश्विक गांव' (ग्लोबल विलेज) का सपना भी साकार होगा। उन्होने 'भारत माला परियोजना' के तहत देश में 35 हजार किलोमीटर से भी लम्बी सड़कों के निर्माण के लिए 5.35 लाख करोड़ रुपये के आबंटन सम्बन्धी बजटीय घोषणा की सराहना करते हुए कहा कि इस निर्णय से प्रदेश में सड़क सुविधा का सुदृढ़ीकरण होगा तथा पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए एकलव्य स्कूल खोलने के निर्णय की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के लिए नई शिक्षा नीति तैयार करने की घोषणा भी एक सराहनीय निर्णय है। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से शिक्षकों के लिए एकीकृत बीएड कार्यक्रम आरम्भ करने के निर्णय की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कॉरपरेट कर की सीमा में 50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 250 करोड़ रुपये करने की घोषणा का भी स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि अब 250 करोड़ रुपये तक के वार्षिक कारोबार वाली कम्पनियों को 25 प्रतिशत कर देना होगा। इस निर्णय से सुगमता से व्यापार यानि 'इज ऑफ डूइंग बिजनस' को आवश्यक बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने नए कर्मचारियों के ई.पी.एफ. में सरकार द्वारा 12 प्रतिशत अशंदान की घोषणा करने की भी सराहना की।

वित्त विभाग ने मांगे आगामी बजट के लिए सुझाव

शिमला/शैल। वित्त विभाग के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश के आगामी बजट 2018-19 को अधिक से अधिक जनहितेशी बनाने के लिए विभाग ने किसान/बागवान संगठनों, डेयरी संगठनों, उद्योग संगठनों, व्यापार संगठनों, पर्यटन संगठनों, श्रम संगठनों तथा जन साधारण से बहुमूल्य सुझाव आमंत्रित किए हैं।

उन्होंने कहा कि यह सुझाव वित्त विभाग के वैब पोर्टल http://himachal-nic/in अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त की ई-मेल finsecy&hp@nic-in अथवा अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त हिमाचल प्रदेश सरकार शिमला-2 को पत्र के माध्यम से 15 फरवरी, 2018 तक पहुंच जाने चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि यह सुझाव सेवा में सुधार, अच्छा प्रशासन तथा स्वरोजगार व आजीविका के अवसर सृजित करने से संबंधित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्वोत्तम सुझाव प्रस्तुत करने वाले दो व्यक्तियों को क्रमशः 25 हजार रुपये व 15 हजार रुपये का पुरस्कार भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत तथा सामूहिक मांगों को सुझाव के रूप में शामिल नहीं किया जाएगा।

सभा के मध्य जो दूसरों के व्यक्तिगत दोष दिखाता है, वह स्वयं अपने दोष दिखाता है।
.....चाणक्य

सम्पादकीय

एक देश एक चुनाव

महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने संसद के बजट सत्र को संबोधित करते हुए देश में हो रहे अत्याधिक चुनावों को लेकर गहरी चिन्ता व्यक्त की है। राष्ट्रपति से पहले नये मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी यह कहा है कि देश में लोकसभा और राज्य विधान सभाओं के चुनाव एक साथ करवाने को लेकर राजनीतिक दलों को इस पर सहमति बनानी चाहिये। चुनाव आयोग इसका प्रबन्ध करने में सक्षम है। मुख्य चुनाव आयुक्त की इस टिप्पणी के बाद हुई समन्वय समिति की बैठक में इस बारे में सहमति बन पाने की बात भी सामने आ चुकी है। अब राष्ट्रपति द्वारा इस संद्धर्भ में चिन्ता व्यक्त करने के बाद यह टिप्पणी भी सामने आयी है कि कांग्रेस जल्दी चुनाव करवाये जाने से डर रही है। मोदी सरकार ने जब नोटबंदी लागू की थी उसके बाद विमुद्रीकरण पर आयी एक पुस्तक के लेखक गौत्तम चौधरी ने इसमें यह कहा है कि आने वाले समय में मोदी सत्ता के लिये लोकसभा और राज्य विधान सभाओं के चुनाव एक साथ करवाने का दाव खेल सकते हैं। बीते नवम्बर माह में शिमला में जब मिशन मोदी 2019 नाम से गठित मंच की हिमाचल ईकाई का गठन किया गया था तब इस बैठक का संचालन कर रहे संघ मुख्यालय नागपुर से आये प्रतिनिधियों ने भी इस आश्य का संकेत दिया था।

एक अरसे तक देश में लोकसभा और राज्य विधान सभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे हैं। आज फिर से यह चुनाव एक साथ करवाने के लिये इस आश्य का संसद में एक संविधान संशोधन लाना पड़ता है। संसद में इसे पारित करवाने के बाद राज्यों की दो-तिहाई विधान सभाओं से भी इसे अनुमोदित करवाना पड़ता है। संसद में इसे किसी भी सदन में पेश किया जा सकता है। अभी मार्च में राज्यसभा की कुछ सीटों के लिये चुनाव होने जा रहा है। संभावना है कि इस चुनाव के बाद राज्य सभा में भी भाजपा को बहुमत मिल जायेगा। फिर इस समय 19 राज्यों में तो भाजपा की ही सरकारे हैं। बिहार, महाराष्ट्र और जम्मू कश्मीर में भाजपा सत्ता में भागीदार है। इस तरह कुल मिलाकर स्थिति यह बनती है कि यदि मोदी वास्तव में ही ऐसा चाहेंगे तो उन्हें इस आश्य का संविधान संशोधन लाने में कोई दिक्कत पेश नही आयेगी। इस आश्य के संविधान संशोधन का सिद्धान्त रूप में विरोध कर पाना आसान नही होगा। क्योंकि जब देश में आपातकाल के दौरान संविधान संशोधन लाकर लोकसभा का कार्यकाल बढ़ाकर छः वर्ष कर दिया गया था। उस समय प्रधानमन्त्री, लोकसभा अध्यक्ष आदि को कानून में संरक्षित कर दिया गया था। तब उसका विरोध किसी ने भी नही किया था। यह तो सर्वोच्च न्यायालय था जिसने उस संशोधन को निरस्त कर दिया था। इस परिदृश्य में आज यदि इकट्ठे चुनाव करवाने का संशोधन लाया जाता है तो उससे भाजपा सहित सभी राजनीतिक दलों को एक समान ही हानि लाभ होगा।

इस समय लोकसभा का चुनाव मई - जून 2019 में होना तय है। इसके साथ आंध्र प्रदेश, अरूणाचल, सिक्कम, उड़ीसा और तेलंगाना के चुनाव भी मई-जून 2019 में है। छत्तीसगढ़ , हरियाण , मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के चुनाव भी 2019 में ही है। 2018 में कर्नाटक और मिजोरम के चुनाव होंगे। इस तरह ग्याहर राज्यों के चुनाव 2018 और 2019 में होना तय है। शेष 20 राज्यों में 2020, 21, 22 और 2023 में चुनाव होने हैं और इनमें अधिकांश में भाजपा की सरकारे हैं इसलिये एक साथ चुनाव का राजनीतिक हानि/लाभ सबको बराबर होगा। लेकिन इससे देश को कालान्तर में समग्र रूप से लाभ होगा। इस समय देश के कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों की सरकारे हैं और इन सरकारों का विजिन अपने राज्य से बाहर का नही रह पाता है। फिर अधिकांश क्षेत्रीय दल तो एक प्रकार से पारिवारिक दल होकर रह गये हैं। इस कारण से चुनावों में राष्ट्रीय मुद्दों के स्थान पर हल्के केन्द्रिय मुद्दे भारी पड़ जाते हैं इसलिये यह बहुत आवश्यक है कि गंभीर राष्ट्रीय मुद्दों पर चुनाव लडे जायें। यदि मोदी सरकार किसी ऐसे संशोधन को लाने का प्रयास करती है तो उसका समर्थन किया जाना चाहिये।

इस संसद से लेकर राज्यों की विधान सभाओं तक आपराधिक छवि के लोग चुनाव जीतकर माननीय बने बैठे हैं ऐसे लोगों के मामले दशकों तक अदालतों में लटके रहते हैं। ऐसे लोगों को चुनाव से बाहर रखने के चुनाव आयोग से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक के सारे प्रयास प्रभावहीन होकर रह गये हैं क्योंकि यह आपराधिक छवि के माननीय सारे राजनीतिक दलों में एक बराबर मौजूद हैं। इसलिये जब एक साथ चुनाव करवाने का कोई संशोधन लाया जाये तो उसके साथ ही चुनावों को धन और बाहुबल से भी बाहर करने के संशोधन साथ ही आ जाने चाहिये।

भारत में अभी भी पकौड़े और चाय में बहुत स्कोप है साहब

डॉ नीलम महेंद्र

"साधु ऐसा चाहिए जैसा सूप सुभाय।
सार सार को गहि रहे थोथा दे उड़ाय।।"
कबीर दास जी भले ही यह कह गए हों,

लेकिन आज सोशल मीडिया का जमाना है जहाँ किसी भी बात पर ट्रेन्डिंग और ट्रोलिंग का चलन है। कहने का आशय तो आप समझ ही चुके होंगे। जी हाँ, विषय है मोदी जी का वह बयान जिसमें वो ''पकौड़े बेचने'' को रोजगार की संज्ञा दे रहे हैं। हालांकि इस पर देश भर में विभिन्न प्रतिक्रियाएँ आई लेकिन सबसे अधिक ध्यान आकर्षित किया देश के पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के बयान ने जिसमें वो इस क्रम में भीख माँगने को भी रोजगार कह रहे हैं। विपक्ष में होने के नाते उनसे अपनी विरोधी पार्टी के प्रधानमंत्री के बयानों का विरोध अपेक्षित भी है और स्वीकार्य भी किन्तु देश के भूतपूर्व वित्त मांत्री होने के नाते उनका विरोध तर्कयुक्त एवं युक्तिसंगत हो, इसकी भी अपेक्षा है। यह तो असंभव है कि वे रोजगार और भीख माँगने के अन्तर को न समझते हों लेकिन फिर भी इस प्रकार के स्तरहीन तर्कों से विरोध केवल राजनीति के गिरते स्तर को ही दर्शाता है।

सिर्फ चिदंबरम ही नहीं देश के अनेक नौजवानों ने पकौड़ों के ठेले लगाकर प्रधानमंत्री के इस बयान का विरोध किया। हार्दिक पटेल ने तो सभी हदें पार करते हुए यहां तक कहा कि इस प्रकार की सलाह तो एक चाय वाला ही दे सकता है। वैसे ''आरक्षण की भीख'' के अधिकार के लिए लड़ने वाले एक 24 साल के नौजवान से भी शायद इससे बेहतर प्रतिक्रिया की अपेक्षा नहीं थी।

दरअसल जो लोग इस प्रकार की बयानबाजी कर रहे हैं वो यह भूल रहे हैं कि इस धरती के हर मानव का सिर उठाकर स्वाभिमान से अपनी जीविका कमाना केवल उसका अधिकार नहीं है, जिसके लिए वो सरकार को जिम्मेदार मानते हैं बल्कि यह तो उसका स्वयं अपने और अपने परिवार के प्रति उसका दायित्व भी है।

''गरीब पैदा होना आपकी गलती नहीं है लेकिन गरीब मरना आपका अपराध है'' बिल गेट्स, माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष एवं पर्सनल कम्प्यूटर क्रांति के अग्रिम उद्यमी के यह शब्द अपने भीतर कहने के लिए कम लेकिन समझने के लिए काफी कुछ समेटे हैं।

यह बात सही है कि हमारे देश में बेरोजगारी एक बहुत ही बड़ी समस्या है लेकिन पूरे विश्व में एक हमारे ही देश में बेरोजगारी की समस्या हो, ऐसा नहीं है।

लेकिन यहाँ हम केवल अपने देश की बात करते हैं। तो सबसे मूल प्रश्न यह है कि स्वामी विवेकानन्द के इस देश का नौजवान आज आत्मनिर्भर होने के लिए सरकार पर निर्भर क्यों है? वो युवा जो अपनी भुजाओं की ताकत से अपना ही नहीं बल्कि देश का भविष्य भी बदल सकता है, वो आज अपनी क्षमताओं, अपनी ताकत, अपनी योग्यता, अपने स्वाभिमान सभी कुछ ताक पर रखकर एक चपरासी तक की सरकारी नौकरी के लिए लाखों की संख्या में आवेदन क्यों करता है? जिस देश में जाति व्यवस्था आज भी केवल एक राजनैतिक हथियार नहीं बल्कि समाज में अमीर गरीब से परे ऊँच नीच का आधार है उस देश में ब्राह्मण राजपूत ठाकुर आदि जातियों तक के युवकों में सरकारी चपरासी तक बनने की होड़ क्यों लग जाती है?

ईमानदारी से सोच कर देखिए, यह समस्या बेरोजगारी की नहीं मक्कारी की है जनाब!

क्योंकि आज सबको हराम दाड़ लग चुकी है। सबको बिना काम के बिना मेहनत के सरकारी तनख्वाह चाहिए और इसलिए प्रधानमंत्री का यह बयान उन लोगों को ही बुरा लगा जो बेरोजगार बैठकर सरकार और अपने नसीब को तो कोस सकते हैं, जाति और धर्म का काई खेल सकते हैं लेकिन गीता पर विश्वास नहीं रखते, कर्म से अपना और अपने देश का नसीब बदलने में नहीं देश को कोसने में समय बरबाद कर सकते हैं।

शायद बहुत कम लोग जानते होंगे कि रिलायंस समूह जो कि आज देश का सबसे बड़ा औद्योगिक घराना है, उसकी शुरुआत पकौड़े बेचने से हुई थी। जी हाँ अपने शुरुआती दिनों में धीरूभाई अँबानी सप्ताहांत में गिरनार की पहाड़ियों पर तीर्थ यात्रियों को पकौड़े बेचा करते थे! स्वयं गाँधी जी कहते थे कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता सोच होती है।

आज जरूरत देश के नौजवानों को अपनी सोच बदलने की है। आज समय इंतजार करने का नहीं उठ खड़े होने का है। एक दिन में कोई टाटा बिड़ला नहीं बनता और न ही बिना संघर्ष के कोई अदानी या अंबानी बनता है। बिल गेट्स धीरूभाई अंबानी जमशेदजी टाटा जैसे लोगों ने अपनी अपनी सरकारों की ओर ताकने के बजाय खुद अपने लिए ही नहीं बल्कि देश में लाखों लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा कर दिए।

तो आवश्यकता है देश के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री की बात समझने की न कि तर्क हीन बातें करने की।

इस बात को समझने की, कि जीतने वाले कोई अलग काम नहीं करते बल्कि उसी काम को 'अलग तरीके' से करते हैं, शिव खेडा।

वैसे भी अगर इस देश का एक नौजवान पकौड़े बेचकर विश्व के पटल पर अपनी दस्तक दे सकता है और एक चाय वाला प्रधानमंत्री बन सकता है तो विशेष बात यह है कि भारत में अभी भी पकौड़े और चाय में बहुत स्कोप है।

और मोदी जी के विरोधियों को एक सलाह, कि वे मोदी विरोध जरा संभल कर करें क्योंकि मोदी भारतीय चाय, खिचड़ी और योग को विश्व में स्वीकार्यता दिलाने का श्रेय पहले ही ले चुके हैं अब उनके विरोधी भारतीय पकौड़ों को भी वैश्विक पहचान दिलाने का श्रेय उन्हीं के नाम करने पर तुले हैं।

लोक सेवा आयोग को लेकर सर्वोच्च न्यायालय का अहम फैसला

प्रदेश लोक सेवा आयोग एक ऐसा संस्थान है जिसके जिम्मे प्रदेश की शीर्ष लोक सेवाओं एच.ए.एस और एच.पी.एस के लिये भविष्य के प्रशासनिक अधिकारी चुनने का काम है। जिन लोगों ने ऐसे प्रशासनिक अधिकारियों का चयन करना है उनका अपना चयन कैसे होना चाहिये? उस चयन का आधार कैसा होना चाहिये? लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के पद संवैधानिक हैं। इन पर नियुक्त व्यक्तियों को उनके पदों से हटाने का अधिकार केवल राष्ट्रपति के पास है और उसके लिये भी पहले सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जांच करवाकर उसकी संस्तुति आना आवश्यक है। अन्यथा इन्हे नीयत समय से पहले हटाने का कोई प्रावधान नही है। लेकिन इनकी नियुक्ति का आधार क्या हो इस पर संविधान में बहुत कुछ अनकहा छोड़ दिया गया है। अब पंजाब लोकसेवा आयोग का एक मामला सर्वोच्च न्यायालय में गया था और उस पर 15 फरवरी 2013 को फैसला आ गया था। इस फैंसले में विस्तार से सर्वोच्च न्यायालय ने इस आधार की व्याख्या की है इस संद्धर्भ में फैसले के महत्वपूर्ण अंश पाठकों के सामने रखे जा रहे हैं।

In these appeals against the judgment and orders of the Punjab and Haryana High Court, a very important question of law arises for our decision: whether the High Court in exercise of its writ jurisdiction under Article 226 of the Constitution can lay down the procedure for the selection and appointment of the Chairman of the State Public Service Commission and quash his appointment in appropriate cases.

Facts: The relevant facts very briefly are that by notification dated 07.07.2011, the State Government of Punjab appointed Mr. Harish Dhanda as the Chairman of the Punjab Public Service Commission. On 10.07.2011, the respondent No.1 who was an Advocate practicing at the Punjab and Haryana High Court, Chandigarh, filed a public interest litigation under Article 226 of the Constitution (Writ Petition No.11846 of 2011) praying for a mandamus directing the State Government to frame regulations governing the conditions of service and appointment of the Chairman and/or the Members of the Public Service Commission as envisaged in Article 318 of the Constitution of India. The respondent No.1 also prayed for a direction restraining the State Government from appointing Mr. Harish Dhanda as the Chairman of the Punjab Public Service Commission in view of the fact that his appointment does not fall within the parameters of integrity, impartiality and independence as reiterated time and again by this Court. The Division Bench of the High Court, after hearing the learned counsel for the writ petitioner and the learned Additional Advocate General for the State of Punjab, passed an order on 13.07.2011 holding that even though Article 316 of the Constitution does not prescribe any particular procedure for appointment of Chairman of the Public Service Commission, having regard to the purpose and nature of the appointment, it cannot be assumed that the power of appointment need not be regulated by any procedure. Relying on the judgments of this Court in the case of In R/O Dr. Ram Ashray Yadav, Chairman, Bihar Public Service Commission [(2000) 4 SCC 309], Ram Kumar Kashyap and another vs. Union of India and another (AIR 2010 SC 1151) and In Mehar Singh Singh Saini, Chairman, HPSC and others [(2010) 13 SCC 586], the Division Bench held that it is not disputed that the persons to be appointed as Chairman and Members of the Public Service Commission must have competence and integrity. The Division Bench of the High Court further held that a question, therefore, arises as to how such persons are to be identified and selected for appointment as Chairman of the Public Service Commission and whether, in the present case, the procedure adopted was valid and if not, the effect thereof. The Division Bench further observed that these questions need to be considered by a Bench of three Judges and referred the matter to the Bench of three Judges of the High Court.

Pursuant to the order dated 13.07.2011 of the Division Bench, the Chief Justice of the High Court constituted a Full Bench. On 19.07.2011, the Full Bench of the High Court passed an order calling for certain information from the State Government of Punjab and the Punjab Public Service Commission on the number of posts filled up by the Public Service Commission in the last five years, the number of posts taken out from the purview of the Public Service Commission in the last five years and regulations, if any, framed by the State Government. On 01.08.2011, the Full Bench of the High Court also passed orders requiring the Union of India to furnish information on three questions:

(1) Whether there were any criteria or guidelines to empanel a candidate for consideration for appointment as a Member of the Union India Public Service Commission; (2) Which authority or officer prepares such panel; and (3) What methodology is kept in view by the authority while preparing the panel.

